विचारार्थ विषय
परामर्शदाता-सार्वजनिक स्वास्थ्य (क्षेत्रीय)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं व उत्तरदायित्वः

- प्रमुख पणधारियों की मैपिंग व कार्यक्रम की आवश्यकताओं को समझने के साथ स्थिति विश्लेषण करने के लिए एनपीसीडीसीएस टीम के साथ मिलकर कार्य करना।
- निगरानी व मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता के साथ समन्वयन स्थापित करना, सेवाओं, मानव संसाधन प्रबंधन अवसंरचना, उपकरण, औषध व क्षमता विकास के संदर्भ में कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा करने हेतु साधनों का विकास करना।
- उपकरण व औषधियों के कुशल प्रापण, मानव संसाधन प्रबंधन व निधियों की ईष्टतम उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने के साथ एनपीसीडीएस के कार्यान्वियन की समीक्षा करने के लिए राज्यों को सहयोग देना।
- पहुंच, सेवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण व परिचर्या की गुणवत्ता के संदर्भ में जिला स्तर पर कार्यान्वियन की समीक्षा के लिए सहयोग देना।
- राज्य में कार्यक्रम के विस्तार को सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीडी हेतु पीआईपी की तैयारी में राज्यों को सहयोग देना।
- एनसीडी की रोकथाम व नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय बहुक्षेत्रीय कार्रवाई योजना के प्रचालन में सहयोग देना।
- एनसीडी व उनके जोखिम कारकों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य स्तर पर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के किफायती क्रियाकलापों की शुरूआत करने व एनसीडी से संबंधित क्रियाकलापों को मुख्य धारा में लाने के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- कार्यक्रम के कार्यान्वियन में आने वाली चुनौतियों का पता लगाने व समाधान निकालने के लिए राज्य की टीमों के साथ पारस्परिक संबंध रखना।
- नियत क्षेत्रों के अंदर अतिरिक्त तकनीकी भूमिकाएं (प्रकाशन, अध्ययन आदि)
- समय-समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य।

अनिवार्य अर्हता व अनुभवः

क) एमबीबीएस के साथ कम्युनिटी मेडिसिन/कम्युनिटी हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन/जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री या स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के बाद कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।

या

ख) एमबीबीएस के साथ राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य में 5 वर्ष के अनुभव ।

आयु सीमाः 40 वर्ष/सेवानिवृत्ति सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी 62 वर्ष की आयु तक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।
पारितोषिकः 60,000-80,000 प्रतिमाह (समेकित)
रिपोर्टिंग अधिकारीः एडवाइजर (एनसीडी)/निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।
तैनाती का स्थानः नई दिल्ली।
नोटः

(i) आवेदक को डेटा संग्रहण मूलभूत विश्लेषण, इंटरनेट प्रयोग व प्रजेन्टेशन हेतु वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट्स के कम्प्यूटर के प्रयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदक निगरानी व पर्यवेक्षण हेतु बड़े पैमाने पर दौरा करने के लिए सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख के अनुसार।
(iv) कार्यकालः पद पर नियुक्ति से 1 वर्ष तक।
(v) अर्हता व अनुभव के आधार पर दी गई सीमा के अंदर पारितोषिक को निर्धारित किया जाएगा।

नोटः इस कार्यकाल को प्राथमिकता व आपसी सहमति वाली शर्तों के अनुसार नियमों व स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **6-Jun-2018** तक ncd.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी

अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।